Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 26

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

29 जून 2017 ई 4 शव्वाल 1438 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

चूहे मत बनो जो नीचे की ओर जाते हैं अपितु ऊपर उड़ने वाले कबूतर बनो जो आकाश की बुलंदियों को अपने लिए पसंद करता है। तुम गुनाहों के परित्याग की बैअत करके फिर गुनाह पर स्थिर न रहो और सांप की भांति न बनो जो खाल उतारकर फिर भी सांप ही रहता है। मृत्यु को स्मरण रखो कि वह तुम्हारे पास आती जाती है और तुम्हें उसकी कोई सूचना नहीं। प्रयास करो कि पवित्र हो जाओ कि मनुष्य पवित्रता को तभी प्राप्त करता है जब स्वयं पवित्र हो जाए ।

उपदेश हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि

"हे ख़ुदा के जिज्ञासुओ ! कान खोलो और सुनो कि विश्वास जैसी कोई वस्तु नहीं। विश्वास ही है जो पाप से बचाता है, विश्वास ही है जो पुण्य कर्म करने की शक्ति देता है, विश्वास ही है जो ख़ुदा का सच्चा प्रेमी बनाता है । क्या तुम विश्वास के बिना पाप का परित्याग कर सकते हो ? क्या तुम विश्वास के अदभुत प्रकाश के अभाव में तामसिक आवेग से रुक सकते हो ? क्या तुम विश्वास के बिना कोई सांत्वना प्राप्त कर सकते हो ? क्या तुम विश्वास के बिना कोई सच्चा परिवर्तन ला सकते हो ? क्या तुम विश्वास के बिना कोई सच्ची ख़ुशहाली प्राप्त कर सकते हो ? क्या आकाश के नीचे कोई ऐसा कफ़्फ़ारा और फ़िदिया है जो तुम से पापों का परित्याग करा सके ? क्या मरयम का बेटा ईसा ऐसा है कि उसका बनावटी ख़ून पाप से मुक्ति दिलाएगा ? हे ईसाइयो ऐसा झूठ मत बोलो जिससे धरती टुकड़े टुकड़े हो जाए । यसूअ मसीह स्वयं अपनी मुक्ति के लिए विश्वास का मुहताज था। उसने विश्वास किया और मुक्ति पाई । अफ़सोस है उन ईसाइयों पर जो यह कहकर प्रजा को धोखा देते हैं कि हमने मसीह के ख़ून से पाप से मुक्ति पाई है। हालांकि वे सिर से पांव तक गुनाहों में डूबे हुए हैं। वे नहीं जानते कि उनका ख़ुदा कौन है बल्कि जीवन तो लापरवाही से भरपूर है। मदिरा की मस्ती उनके मस्तिष्क में समाई हुई है, परन्तु वह पवित्र मस्ती जो आकाश से उतरती है उससे वे अवगत नहीं। जो जीवन ख़ुदा के साथ होता है और जो पवित्र जीवन के परिणाम होते हैं वे उनके भाग्य में नहीं । अत: तुम स्मरण रखो कि विश्वास के बिना तुम अंधकारमय जीवन से बाहर नहीं आ सकते और न रूहुलक़ुदुस तुम्हें मिल सकता है। बधाई है उनको जो विश्वास रखते हैं क्योंकि वे ही ख़ुदा के दर्शन करेंगे। बधाई है उनको जो संदेहों से मुक्ति पा गए हैं, क्योंकि वे ही पाप से मुक्ति प्राप्त करेंगे। बधाई तुम्हें जबकि तुम्हें विश्वास की दौलत प्रदान की जाए कि उसके पश्चात तुम्हारे पाप की समाप्ति होगी। पाप और विश्वास दोनों एक स्थान पर एकत्र नहीं हो सकते । क्या तुम ऐसे बिल में हाथ डाल सकते हो जिसमें तुम एक अत्यन्त ज़हरीले सांप को देख रहे हो ? क्या तुम ऐसे स्थान पर खड़े रह सकते हो, जिस स्थान पर किसी ज्वालामुखी पर्वत से पत्थरों की वर्षा हो रही हो या बिजली गिर रही हो या एक चीर फाड़ डालने वाले शेर के हमला करने का स्थान है, या एक स्थान है जहां एक सर्वनाश करने वाली प्लेग मानव जाति को समाप्त कर रही है। फिर यदि तुम्हें ख़ुदा पर ऐसा ही विश्वास है जैसा कि सांप, बिजली, शेर, या प्लेग पर, तो असंभव है कि उसके सम्मुख तुम अवज्ञाकारी बन कर दण्ड का मार्ग अपना सको या उससे सत्य और वफ़ादारी का संबंध तोड़ सको।

हे वे लोगो ! जो भलाई और सच्चाई हेतु बुलाए गए हो तुम निसंदेह समझो कि तुम में ख़ुदा की चुम्बकीय शक्ति उस समय पैदा होगी और उसी समय तुम पापों के घृणित धब्बों से पवित्र किए जाओगे जब तुम्हारे हृदय विश्वास से भर जाएंगे। संभव है तुम कहो कि हमें विश्वास प्राप्त है। अत: स्मरण रहे कि यह तुम्हें धोखा हुआ है। विश्वास तुम्हें कदापि प्राप्त नहीं, क्योंकि उसके अनिवार्य तत्व प्राप्त नहीं। कारण यह कि तुम पाप का परित्याग नहीं करते, तुम ऐसा पांव आगे नहीं बढ़ाते जो बढ़ाना चाहिए। तुम उस प्रकार नहीं डरते जिस प्रकार कि डरना चाहिए। स्वयं विचार करो कि जिसको विश्वास है कि अमुक बिल में सांप है वह उस बिल में कब हाथ डालता है, और जिस को विश्वास है कि उसके भोजन में विष है वह उस भोजन को कब खाता है। जो स्पष्टत: देख रहा है कि अमुक जगह में चीर-फाड़ डालने वाले एक हज़ार शेर हैं, उसके पग लापरवाही और ग़फ़लत से उस जंगल की ओर क्योंकर उठ सकते हैं। अत: तुम्हारे हाथ पांव, कान और तुम्हारे नेत्र पाप पर किस प्रकार साहस कर सकते हैं, यदि तुम्हें ख़ुदा और उसके बदला देने एवं दण्ड विधान पर विश्वास है। पाप विश्वास पर विजयी नहीं हो सकता और जब तक कि तुम एक भस्म और नष्ट करने वाली अग्नि को देख रहे हो तो उस अग्नि में स्वयं को क्योंकर डाल सकते हो। विश्वास की दीवारें आकाश तक हैं। शैतान उन पर चढ़ नहीं सकता। प्रत्येक जो पवित्र हुआ वह विश्वास से पवित्र हुआ। विश्वास दुख उठाने की शक्ति देता है। यहां तक कि एक राजा को उसके सिंहासन से उतारता है और भिखारियों का लिबास पहनाता है। विश्वास प्रत्येक दुख को आसान कर देता है। विश्वास ख़ुदा के दर्शन कराता है। प्रत्येक पवित्रता विश्वास-मार्ग से आती है। वह वस्तु जो पाप से मुक्ति दिलाकर ख़ुदा तक पहुंचाती और सत्य और दृढ़ संकल्प में फ़रिश्तों से भी आगे बढ़ा देती है वह विश्वास है। प्रत्येक धर्म जो विश्वास के साधन उपलब्ध नहीं कराता वह झूठा है। प्रत्येक धर्म जो सुनिश्चित साधनों से ख़ुदा के दर्शन नहीं करा सकता वह झूठा है, प्रत्येक धर्म जिसमें प्राचीन कहानियों के अतिरिक्त और कुछ नहीं वह झूठा है। ख़ुदा जैसा पहले था वैसा अब भी है, उसकी शक्तियां जैसी पहले थीं वैसे अब भी हैं, उसका निशान दिखलाने पर जैसा पहले आधिपत्य था वैसा अब भी है। फिर तुम क्यों केवल कहानियों पर राज़ी होते हो ? उस धर्म का विनाश हो चुका है जिसके चमत्कार मात्र कहानियां हैं, जिसकी भविष्यवाणियां मात्र कहानियां हैं। और उस जमाअत का विनाश हो चुका है जिस पर ख़ुदा नहीं उतरता और जो विश्वास द्वारा ख़ुदा के हाथ से पवित्र नहीं हुई। जिस प्रकार मनुष्य भोग-विलास की वस्तुएं देखकर उनकी ओर खींचा जाता है इसी प्रकार मनुष्य अब आध्यात्मिक सुख का सामना विश्वास द्वारा प्राप्त करता है तो वह ख़ुदा की ओर खींचा जाता है, और उसका सौंदर्य उसको ऐसा मुग्ध कर देता है कि अन्य समस्त वस्तुएं उसको बेकार दिखाई देती हैं। मनुष्य उसी समय पाप से सुरक्षित रह पाता है जब वह ख़ुदा और उस के शौर्य, प्रताप, बदला देने और

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ज़िक्रे इलाही

तकरीर हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद ख़लीफतुल मसीह सानी रज़ि अल्लाह अन्हो

जलसा सालाना 28 दिसंबर 1916 ई (भाग-1)

اَشْهَدُ اَنْ لَّا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَاَشْهَدُ اَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ

اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

سَبِّحِ اسْمَ رَبِّكَ الْاَعْلَى الَّذِيْ خَلَقَ فَسَوّٰى وَالَّذِيْ قَدَّرَ فَهَدٰى وَالَّذِيْٓ اَخْرَجَ الْمَرْعٰى فَجَعَلَهٗ غُثَآءً اَحْوٰى سَنُقْرِئُكَ فَلَا تَنْسٰٓى اِلَّا مَا شَآءَ اللّٰهُ اِنَّهٗ يَعْلَمُ الْجَهْرَ وَمَا يَخْفٰى وَنُيَسِّرُكَ لِلْيُسْرٰى فَذَكِّرْ اِنْ نَّفَعَتِ الذِّكْرٰى سَيَذَّكَّرُ مَنْ يَّخْشٰى وَيَتَجَنَّبُهَا الْاَشْقَى الَّذِيْ يَصْلَى النَّارَ الْكُبْرٰى ثُمَّ لَا يَمُوْتُ فِيْهَا وَلَا يَحْيٰى قَدْ اَفْلَحَ مَنْ تَزَكّٰى وَذَكَرَ اسْمَ رَبِّهٖ فَصَلّٰى بَلْ تُؤْثِرُوْنَ الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةُ خَيْرٌ وَّاَبْقٰى اِنَّ هٰذَا لَفِى الصُّحُفِ الْاُوْلٰى صُحُفِ اِبْرٰهِيْمَ وَمُوْسٰى (सूरः आला)

ज़िक्रे इलाही इस विषय का महत्व कितना है:

आज मेरा विषय जैसा कि मैंने कल कहा था एक ऐसी बात से संबंधित है जिसके बारे में मेरा विश्वास है कि वह निहायत ही ज़रूरी है। और यह केवल अटकलें और अनुमान पर ही नहीं बल्कि इस के बारे में क़ुरआन की आयतों का भी निर्णय और आदेश है। शायद कुछ लोग इसे सुनकर कह दें कि यह तो मामूली बात है और हम पहले से ही इसे जानते हैं। लोगों के दिलों का हाल तो सिवाय अल्लाह तआला के और कोई नहीं जानता। मगर वर्तमान स्थिति के अनुसार कह सकता हूँ और कहता हूँ कि इस विषय में कई बातें ऐसी बयान जाएंगी जिन्हें अक्सर लोग नहीं जानते और जिन्हें मैंने किसी किताब में भी नहीं देखा।

चूंकि विषय ऐसा साधारण है कि इसके हीडिंग को सुनकर अक्सर लोग कह देंगे कि यह तो मामूली और पहले का जाना हुआ है। इसलिए मैं इसको सुनाने से पहले यह बता देना आवश्यक समझता हूँ कि यह विषय बहुत आवश्यक और प्रमुख है इसलिए इस को विचार से सुनिए। अगर अल्लाह तआला ने तौफ़ीक़ दी तो इस में बहुत सी बातें ऐसी बयान करूँगा कि आप लोग नोट करके उन पर अमल करेंगे तो ख़ुदा तआला उन्हें तुम्हारे लिए बहुत ख़ैर और खूबी का कारण बनाएगा मगर पहले इसके कि मैं मूल विषय शुरू करूं एक और बात सुना देना चाहता हूँ जो यह है।

जलसा में आकर लाभ उठाना चाहिए:

कुछ लोग जो जलसा में शामिल होने के लिए आते हैं वह इधर उधर फिर कर अपना समय बिता देते हैं यह बहुत बुरी बात है। अल्लाह तआला ने उन्हें रुपया इसलिए नहीं दिया कि बर्बाद करें। अगर उन्होंने यहां आकर बेकार ही फिरना था तो उन्हें यहां आने की ज़रूरत ही क्या थी? जो लोग यहाँ आते हैं वे असुविधा उठाकर और रुपया खर्च करके इसलिए आते हैं कि कुछ सुनें और लाभ उठाएं। लेकिन मुझ तक यह शिकायत पहुंची है कि व्याख्यान देने वाले के व्याख्यान देने के समय कई लोग उठकर इसलिए चले जाते हैं कि ये बातें तो हम ने पहले ही सुनी हुई हैं। ऐसे लोगों को मैं कहता हूँ कि अगर उनकी यह बात सही है कि जो बात सुनी हुई हो उसे फिर नहीं सुनना चाहिए तो उन्हें कुरआन भी दोबारार नहीं पढ़ना चाहिए। और एक बार पढ़ कर छोड़ देना चाहिए। इसी तरह नमाज़ और रोज़ा के बारे में भी करना चाहिए। लेकिन यह सही नहीं है। अत: अगर कोई ऐसी बात सुनाई जा रही हो जो पहले भी सुनी हो। तो उसे भी पूरे शौक और ध्यान पूर्वक सुनना चाहिए। क्योंकि ऐसे भी बहुत लाभ होता है और वह बात पूरी तरह से हृदय पर छप जाती है। फिर अगर मज्लिस से एक उठता है तो दूसरा भी उसे देख कर उठ खड़ा होता है और तीसरा भी। इसी तरह कई लोग उठना शुरू हो जाते हैं जो बहुत बुरी बात है। हाँ अगर किसी को उठने की सख्त जरूरत हो जैसे पेशाब या पाख़ाना करना हो तो वह उठे और बाहर चला जाए मगर चाहिए कि अपनी ज़रूरत को पूरा करके बहुत जल्दी वापस चला आये ताकि यहाँ जिस उद्देश्य और लक्ष्य के लिए आया है वह उसे मिल सके और जो लाभ और फायदा के लिए जलसा में शामिल हुआ है वह मिल सके। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया है कि जब कोई व्यक्ति किसी नेक मज्लिस में बैठता है तो बिना इसके कि वहाँ की बातें सुने और उन पर अमल करे यूं भी उसे लाभ हो जाता है। हदीस में आता है। एक मज्लिस में कुछ आदमी बैठे थे अल्लाह तआला ने फरिश्तों से पूछा कि मेरे अमुक बन्दे क्या कर रहे थे। (रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फरमाते हैं कि अल्लाह तआला ने उनके संबंधित इसलिए सवाल नहीं किया कि वह जानता न था बल्कि अल्लाह तआला मूल घटना जानता था।) उन्होंने कहा ज़िक्रे इलाही कर रहे थे। अल्लाह तआला ने फरमाया कि जो कुछ उन्होंने मांगा मैंने उन्हें दिया। फरिश्तों ने कहा इन में एक ऐसा व्यक्ति भी बैठा था जो ज़िक्रे इलाही नहीं करता था यूं ही बैठा था। अल्लाह तआला ने फरमाया उनके पास बैठने वाला हतभागा नहीं हो सकता मैं उसे भी पुरस्कार व सम्मान दूंगा। (बुखारी किताबुद्दाअवात) अर्थात कि नेकों की सोहबत में जो बैठता है चाहे एक बार उसे हिदायत नसीब न हो लेकिन दूसरे समय में ज़रूर मिल जाती है। यह नहीं हो सकता कि बावजूद दिल की श्रद्धा से ऐसी सभा में बैठने के वह काफिर ही रहे। हाँ जो एकाध बार बैठकर फिर नहीं आता और काफिर ही रहता है उसके लिए यह बात नहीं है। तो आप लोग बहुत हद तक मजलिस में बैठे रहने की कोशिश करें और अगर किसी को कोई सख्त ज़रूरत हो तो उसे पूरा करके जल्दी वापस आए।

दुआ के तरीके वर्णन करने से अल्लाह तआला और अधिक प्रकट कर दिया:

मैंने पिछले दिनों दुआ से संबंधित कुछ ख़ुत्बे कहे थे और उन में अल्लाह तआला की कृपा से इस प्रकार के विषय बयान हुए थे कि जिनसे कई लोगों ने लाभ उठाया। मेरे पास कई ख़त आए जिन में लिखा था कि उनसे बहुत लाभ हुआ। उन से संबंधित मुझे एक व्यक्ति ने लाहौर से पत्र लिखा था उसका नाम नहीं पढ़ा गया मालूम होता है अल्लाह तआला उसके बारे में सत्तारी (छुपाने) से काम लिया। उसने लिखा कि आप ने यह क्या कर दिया कि आप ने वह तरीके बता दिए जो अत्यधिक छुपे चले आते थे और जिन में से सूफ़ी कोई एकाध, वर्षों सेवाऐं लेने के बाद बताते थे। आप ने भांडा ही फोड़ दिया इसके साथ ही उसने यह भी लिखा कि आप भी ऐसा करने के लिए मजबूर थे क्योंकि आप को अपनी जमाअत से बहुत प्यार है इसलिए उन्हें ये तरीके बता दिए हैं। इसके संबंधित मैं कहता हूँ कि मैंने केवल इसीलिए वे तरीके बताए नहीं थे कि मुझे अपनी जमाअत से मुहब्बत है। इसमें संदेह नहीं कि मुझे प्यार है और ऐसा प्रेम है कि और किसी को अपने सगे सम्बंधियों से भी क्या होगा। लेकिन मुझे लगता है वे तरीके इसलिए भी बताए कि मैं जानता हूँ कि वह ख़ुदा जिसने मुझे वह बताए थे ऐसा ख़ुदा है कि उसका दिया हुआ माल जितना अधिक खर्च किया जाए उतना ही अधिक बढ़ता और बड़े बड़े पुरस्कार का कारण बनता है यही कारण है कि मैंने जितने तरीके बताए थे उन्हें बता कर अपना घर खाली नहीं बल्कि और अधिक भर लिया था। फिर मुझे विश्वास था कि उनके बताने से मुझे कोई नुकसान नहीं होगा। क्योंकि ज्ञान कोई ऐसी चीज नहीं है जो खर्च करने से घटे। बल्कि ऐसी बात है कि जो खर्च करने से बढ़ती है लेकिन अगर मुझे यह भी विश्वास होता तो जिस तरह सहाबा कराम कहते हैं कि अगर हमारी गर्दन पर तलवार रख दी जाए और हमें रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की कोई ऐसी बात याद हो जो किसी के सामने बयान न के जा चुकी हो। तो पहिले इसके कि तलवार हमारी गर्दन काटे वह बयान कर देंगे। (बुखारी किताबुल इलमा)इसी तरह मैं भी कहता हूँ कि अगर वर्णन करते करते समस्त तरीके समाप्त हो गए तो भी ज़रूर सबको बयान कर देता। इसलिए इस समय जितना हो सके मैंने बयान किए। और मेरे दिल में यूं ही विचार गुज़रा कि दुआ के बारे में जितने तरीके थे मैंने सारे के सारे बयान कर दिए हैं। लेकिन जब मैं नमाज़ के बाद घर आया और दुआ करने लगा तो अल्लाह तआला ने इतने तरीके मुझे समझाए जो पहले कभी मेरे विचार और गुमान में भी नहीं आए थे। अब भी जिस विषय पर बोलना चाहता हूँ उसके बारे में जहां तक मुझ से हो सका। नोट लिखकर लाया था। लेकिन रास्ते में ही आते आते अल्लाह तआला ने और बहुत सी बातें सुझा दें। तो मैंने दुआ के तरीके बताए थे जो बहुत आवश्यक थे।

इस विषय का पालन करने के लिए दुआ अपने आप मकबूल (स्वीकृत) होगी:

लेकिन अब जो कुछ बयान करना चाहता हूँ वह दुआ के तरीके भी अधिक आवश्यक है अगर इसे आप लोग अच्छी तरह समझ लें और उस पर अमल करें तो दुआ स्वत: स्वीकार हो जाएगी। (शेष.....)

(अनुवादक शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

☆ ☆ ☆

ख़ुत्बः जुमअः

दूसरी दुनिया तो अम्बिया की तारीख़ पढ़ती है या सुनती है दूसरे मुसलमान पवित्र कुरआन में नबियों और उनके मानने वालों की बातें पढ़ते और सुनते हैं और प्रारंभिक मुसलमानों के साथ होने वाली घटनाओं और उनकी मज़लूमियत की बातें पढ़ते हैं या अपने उलमा से सुनते हैं लेकिन अहमदी मुसलमान वह है जो मसीह मुहम्मदी को मानने की वजह से आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम को मानने की वजह से इस्लाम के पुनर्जागरण के लिए आने वाले अल्लाह तआला के फरस्तादे पर ईमान के कारण वास्तव में इस स्थिति से गुज़र रहे हैं जो दूसरों के लिए शायद धार्मिक अत्याचार की पुरानी घटनाएं और कहानियां हों।

हम वे लोग हैं और हमें ऐसा होना चाहिए क्योंकि हम ने मसीह मौऊद को स्वीकार किया है जो सांसारिक परीक्षाओं और विरोधियों की प्रतिद्वंद्विता में न धैर्य का दामन हाथ से छोड़ने वाले हैं इसलिए न अपने ईमान से पीछे हटने वाले हैं। हम इस बात का एहसास रखने वाले हैं कि हमारे दुःखों का उपाय केवल अल्लाह तआला के पास है। हमें कष्टों के समय दुनियादारों के सामने नहीं बल्कि सभी शक्तियों के मालिक के सामने झुकना है, मदद मांगनी है। वही है जो हमें हमारे धैर्य और दुआ के कारण हमें इन परेशानियों से निजात दिलाने वाला है और उद्धार दिलाएगा। इंशा अल्लाह।

एक सबर करने वाले और अल्लाह तआला की तरफ झुकने वाले मौमिन के लिए अल्लाह तआला की तरफ से खुशख़बरियां ही खुशखबरियां हैं।

कुरआन मजीद तथा हदीस और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के उपदेशों की रोशनी में अत्याचारों और विरोद्धों पर सबर करने और दुआओं से काम लेने की हिदायत का वर्णन।

अतः आजकल जो जमाअत अहमदिया के व्यक्तियों पर विभिन्न देशों में सख्ती परेशानी और असुविधा के हालात हैं उस पर हमारा काम है कि धैर्य और दुआ के साथ अल्लाह तआला की मदद मांगते हुए उसके आगे झुकें। वही है जो कुफर के इमामों को पकड़कर हमें उनसे बचाने की, उनके मकरों से बचाने की, उनकी तदबीरों से बचाने की सबसे अधिक शक्ति रखता है और जमाअत के इतिहास में हम यही देखते आए हैं कि दुश्मन अपनी सारी शक्तियों और संसाधनों के बावजूद भी असफल और नामुराद ही हुआ है और जमाअत का कदम आगे ही बढ़ता चला गया है।

पाकिस्तान में भी आजकल आज़ाद कश्मीर में विधान सभा में पाकिस्तानी मुल्ला के पदचिह्न पर वहाँ मुल्ला भी और वहाँ के राजनीतिज्ञ भी अहमदियों को ग़ैर मुस्लिम घोषित करने का कानून कश्मीर विधान सभा में पेश कर रहे हैं बल्कि पेश हुआ है। बहरहाल ये लोग जो कुछ भी करना चाहते हैं कर लें पाकिस्तान की विधान सभा ने अहमदियों को ग़ैर मुस्लिम करार देकर क्या पा लिया कौन सा जमाअत की तरक्की रुक गई। अल्लाह तआला की कृपा से जमाअत तो नई नई क्षमताओं को प्राप्त करती चली जा रही है लेकिन जमाअत के लोगों को यह याद रखना चाहिए कि धैर्य के साथ अल्लाह तआला की मदद के लिए दुआ करना और उसके आगे झुकना अपनी नमाज़ों और इबादतों की रक्षा करना हर अहमदी का कर्त्तव्य है और यही बात जो है वह अल्लाह तआला के फज़्लों का अधिक वारिस बनाएगी।

अलजीरिया, बांग्लादेश, इण्डोनेशिया और अरब देशों में अहमदियत के विरोद्ध का वर्णन, पिछले दिनों बांग्लादेश में मौलवियों की तरफ से हमारी मस्जिद पर हमला हुआ जिस में हमारे मुरब्बी चाकुओं और छुरियों के वार से बहुत ज़ख्मी हुए।

कुछ अहमदियों के बारे में शिकायत है कि वे तब्लीग़ के दौरान विरोद्धियों के लिए कठोर भाषा का प्रयोग करते हैं। अगर यह सच है तो फिर ऐसे अहमदियों से कहूंगा कि बेहतर है वह प्रचार न किया करें । यह प्रचार उन्हें अल्लाह तआला की नज़दीकी दिलाने के बजाय अल्लाह तआला की नाराज़गी का कारण बना रहा होगा। इसलिए हमें याद रखना चाहिए कि अगर यह सही है कि सोशल मीडिया पर कुछ अहमदी चिड़ कर ग़लत रंग और सख्ती से उन लोगों के जवाब देते हैं तो ग़लत है। हमें याद रखना चाहिए कि इस तरह हम न केवल यह एक गुनाह नहीं कर रहे बल्कि हम इस गुनाह को भी करने वाले हो रहे हैं कि नई नस्ल को भी अहमदियत से दूर कर रहे हैं। कुछ युवाओं में विचार उठता है कि हमारे पास तर्क नहीं था शायद इसलिए हम कठोरता से जवाब दे रहे हैं हालांकि यह ग़लत है। अतः ऐसे लोगों को तुरंत अपने व्यवहार बदलने की जरूरत है।

आदरणीय पी. पी नाज़मुद्दीन साहिब आफ पेंगाडी केरल इंडिया की वफात, मरहूम का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़,

दिनांक 12 मई 2017 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ ۔

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اسْتَعِيْنُوْا بِالصَّبْرِ وَ الصَّلٰوةِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ مَعَ الصّٰبِرِيْنَ

(अल्बकरः 154)

हे वे लोगो जो ईमान लाए हो अल्लाह तआला से धैर्य और नमाज़ के साथ मदद मांगो बेशक अल्लाह तआला सब्र करने वालों के साथ है।

मनुष्य के जीवन में कई समस्याएं आती हैं जिनका सामना करना पड़ता है। व्यक्तिगत रूप से कई सांसारिक समस्याओं में से इंसान गुज़रता है ऐसे हालात आते हैं जहां केवल धैर्य के कोई उपाय नहीं होता। माल औलाद और सांसारिक चीज़ों का नुकसान होता है। या तो दुनियादार रो पीटकर ऐसे हालात में यह नुकसान सहन कर लेता है और अक्सर यह बर्दाश्त नहीं होता क्योंकि सहन करने में भी जो एक दुनियादार जैसे सहन कर रहा है कई कुफ्र के शब्द और अल्लाह तआला से शिकवे के शब्द मुंह से निकल जाते हैं। या कुछ ऐसे होते हैं जो सांसारिक नुकसानों को सहन न करते हुए कई बार मानसिक संतुलन ही खो बैठते हैं लेकिन अल्लाह

तआला के कुछ बन्दे ऐसे भी होते हैं जिन्हें जान माल का नुकसान सहना पड़ता है या मानसिक प्रताड़ना से गुज़रना पड़ता है या शारीरिक यातनाएं मारधाड़ के रूप में सहनी पड़ती हैं सिर्फ इसलिए कि अल्लाह तआला का आदेश मानते हुए अल्लाह तआला के भेजे हुए एक नबी और अल्लाह तआला के फरस्तादे पर वे ईमान लाने वाले होते हैं। मानो उनके सांसारिक वित्तीय नुकसान भी ख़ुदा तआला के लिए हैं जान का नुकसान भी भी ख़ुदा तआला के लिए होते हैं, लेकिन वे यह सब नुकसान बिना किसी शिकवे के गुज़र जाते हैं। हाँ अल्लाह तआला से दुआ ज़रूर करते हैं कि हे अल्लाह अब जबकि हम यह सब कुछ तेरे भेजे हुए को मानने की वजह से वारिद किया जा रहा है तू हमारे धैर्य की शक्तियों को भी बढ़ा और ख़ुद ही मदद को आ और उन ज़ालिमों के ज़ुलमों से हमें बचा। तेरे लिए जिस परीक्षा से हम गुज़र रहे हैं इस में मज़बूत कदम भी प्रदान कर।

दूसरी दुनिया तो अम्बिया की तारीख़ पढ़ती है या सुनती है दूसरे मुसलमान पवित्र कुरआन में नबियों और उनके मानने वालों की बातें पढ़ते और सुनते हैं और प्रारंभिक मुसलमानों के साथ होने वाली घटनाओं और उनकी मज़लूमियत की बातें पढ़ते हैं या अपने उलमा से सुनते हैं लेकिन अहमदी मुसलमान वह है जो मसीह मुहम्मदी को मानने की वजह से आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम को मानने की वजह से इस्लाम के पुनर्जागरण के लिए आने वाले अल्लाह तआला के फरस्तादे पर ईमान के कारण वास्तव में इस स्थिति से गुज़र रहे हैं जो दूसरों के लिए शायद धार्मिक अत्याचार की पुरानी घटनाएं और कहानियां हों।

कुछ और समूह और गिरोह भी कह सकते हैं कि हम भी धर्म की वजह से विरोधों और प्रतिद्वंद्विता का सामना कर रहे हैं लेकिन ये सब लोग ये जमाअतें या समूह अपने विरोधियों और शत्रुओं से मौका मिलने पर इसी तरह ज़ुल्म करके बदला भी ले लेती हैं जिस तरह के अत्याचार उन पर हुए होते हैं लेकिन अहमदी ही हैं जो मोमिन होने का नमूना दिखाते हुए कानून को अपने हाथ में न लेते हुए ज़ुलमों पर धैर्य करते हुए अल्लाह तआला के आगे झुकते हैं और उस से मदद मांगते हैं। अत: यह एक बहुत बड़ा अंतर अहमदी मुसलमानों और दुनिया के अन्य लोगों में है।

हम वे लोग हैं और हमें ऐसा होना चाहिए क्योंकि हम ने मसीह मौऊद को स्वीकार किया है जो सांसारिक परीक्षाओं और विरोधियों की प्रतिद्वंद्विता में न धैर्य का दामन हाथ से छोड़ने वाले हैं इसलिए न अपने ईमान से पीछे हटने वाले हैं। हम इस बात का एहसास रखने वाले हैं कि हमारे दु:खों का उपाय केवल अल्लाह तआला के पास है। हमें कष्टों के समय दुनियादारों के सामने नहीं बल्कि सभी शक्तियों के मालिक के सामने झुकना है, मदद मांगनी है। वही है जो हमें हमारे धैर्य और दुआ के कारण हमें इन परेशानियों से निजात दिलाने वाला है और उद्धार दिलाएगा। इंशा अल्लाह। वह कभी शुद्ध होकर अपनी ओर झुकने वालों को खाली हाथ वापस नहीं करता। वह जो उसके लिए, उसकी स्थापित जमाअत के लिए, बलिदान देते हैं उन्हें ज़रूर इनाम देता है। हम तो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इस इरशाद का पालन करने वाले हैं और इसका एहसास रखने वाले हैं जिसमें आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि मोमिन का मामला भी अजीब है। इस का सारा मामला भलाई पर आधारित है और यह स्थान केवल मोमिन को प्राप्त है। अगर उसे कोई ख़ुशी पहुंचती है तो यह उस पर धन्यवाद करता है अल्हम्दो लिल्लाह पढ़ता है और अल्लाह तआला के सामने सज्दा करता है तो यह बात उसके लिए अच्छे कार्य का कारण होता है और अगर उसे कोई तकलीफ़ पहुँचती है तो यह धैर्य करता है तो यह बात भी उसके लिए अच्छाई का कारण बन जाता है।

(सहीह मुस्लिम किताबुज्ज़ुहद हदीस 7500)

अल्लाह तआला के रास्ते में बड़ा कष्ट पहुँचना या बड़े बड़े कष्ट पहुंचना और उस पर धैर्य और दुआ बन्दे को भलाई का कारण बनाते ही हैं लेकिन अल्लाह तआला तो अपने बन्दों को सम्मानित वाली वह हस्ती है जो छोटे से छोटा कष्ट जो मोमिन को पहुंचता है इस से भी उसे नवाज़े बिना नहीं छोड़ता अत: इस बात का वर्णन फरमाते हुए एक अवसर पर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि मुसलमान को जो भी थकान, रोग, चिंता, संकट और शोक पहुँचता है, भले ही यह कोई कांटा भी चुभता है तो उसके बदले में अल्लाह तआला उसके कुछ गुनाहों को माफ कर देता है।

(सहीह अल्बुख़ारी हदीस 5641)

अत: यह है हमारा वह रहीम व करीम ख़ुदा जो एक मोमिन को ज़रा ज़रा सी बात पर सम्मानित करता है एक धैर्य करने वाले और अल्लाह तआला के सामने झुकने वाले मोमिन के लिए तो अल्लाह तआला से ख़ुशखबरियां ही ख़ुशखबरियां हैं।

फिर एक और मौके पर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें धैर्य और दुआ का महत्त्व बताते हुए और इसके बदले में अल्लाह तआला के व्यवहार का उल्लेख फरमाते हुए फरमाया कि अल्लाह तआला के रास्ते में बहने वाला रक्त का बिन्दु और रात के नफिल पढ़ते हुए अल्लाह तआला के भय से आंख से बहने वाले आंसू की बूंदों से अधिक कोई बिन्दु अल्लाह तआला को पसंद नहीं और न ही अल्लाह तआला को कोई घूंट ग़म के इस घूंट से ज्यादा पसंद है जो व्यक्ति धैर्य करके पीता है। अर्थात आदमी की शोक के समय जो हालत होती है कठिनाइयों के समय में जब इंसान धैर्य करता है और अल्लाह तआला के लिए धैर्य करता है तो अल्लाह तआला को वह धैर्य बेहद पसंद आता है और फरमाया इसी तरह अल्लाह तआला को क्रोध के घूंट से अधिक कोई घूंट पसंद नहीं है जो ग़ुस्सा दबाने के परिणाम से मनुष्य पीता है। क्रोध करने वाला घूंट नहीं गुस्सा दबाने वाला घूंट अल्लाह तआला को पसंद है।

(मुसन्निफ इब्ने अबी शीबा जिल्द 8 पृष्ठ 141 हदीस 108 प्रकाशन दारुल फिक्र बैरूत)

कई अवसर आते हैं मनुष्य क्रोध दबाता है धैर्य करता है और केवल अल्लाह तआला के लिए धैर्य करता है तो इससे वह अल्लाह तआला की ख़ुशी पाने वाला बनता है।

अत: चाहे निजी मामले हों जिनकी वजह से किसी से हानि हो रही हो या जमाअत के मामलें हों यदि अल्लाह तआला की ख़ुशी प्राप्त करनी है अगर अल्लाह तआला का प्यार पाना है तो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह नियम उल्लेख किया है कि अल्लाह तआला के आगे झुकना और धैर्य का प्रदर्शन करना अल्लाह तआला की नज़दीकी दिलाता है और एक रिवायत में आता है कि अल्लाह तआला अपने निकटतम बन्दों के लिए बड़ा सम्मान रखता है और दुश्मन को पकड़ता है जो चोट और नुकसान पहुंचाने वाले होते हैं।

(सहीह अल्बुख़ारी हदीस 6502)

अत: जिस मामले को अल्लाह तआला अपने हाथ में ले उसे बन्दे को अपने हाथ में लेने की ज़रूरत है। बल्कि यही नहीं कि अल्लाह तआला की तरफ झुकने वालों और धैर्य करने वालों के दुश्मनों से बदला लेता है बल्कि एक अवसर पर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि जब बन्दे पर अत्याचार किया जाए और वह धैर्य से काम ले तो अल्लाह तआला उसे सम्मान देता है(सुनन तिर्मज़ी हदीस 2325) और जिसे ख़ुदा तआला सम्मान प्रदान करे इससे बड़ा एक बन्दा के लिए क्या सम्मान हो सकता है।

अत: आजकल जो जमाअत अहमदिया के व्यक्तियों पर विभिन्न देशों में सख्ती परेशानी और असुविधा के हालात हैं उस पर हमारा काम है कि धैर्य और दुआ के साथ अल्लाह तआला की मदद मांगते हुए उसके आगे झुकें। वही है जो कुफर के इमामों को पकड़कर हमें उनसे बचाने की, उनके मकरों से बचाने की, उनकी तदबीरों से बचाने की सबसे अधिक शक्ति रखता है और जमाअत के इतिहास में हम यही देखते आए हैं कि दुश्मन अपनी सारी शक्तियों और संसाधनों के बावजूद भी असफल और नामुराद ही हुआ है और जमाअत का कदम आगे ही बढ़ता चला गया है।

कठिनाइयों और तकलीफों के युग से जब आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के सहाबा को भी गुज़रना पड़ा और उनसे होकर ही तो उपलब्धियां मिलीं तो हम क्या चीज़ हैं जो बिना किसी असुविधा के सहन किए उपलब्धियां प्राप्त कर लेंगे। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इस दर्दनाक दौर का ज़िक्र करते हुए एक जगह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि

"तेरह साल का समय कम नहीं होता इस समय में आप (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने जितने दु:ख उठाए उनका बयान भी आसान नहीं है। क़ौम की तरफ से पीड़ा और धमकी में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती थी।" फरमाया कि "और उधर अल्लाह तआला द्वारा धैर्य की हिदायत होती थी"। (एक तरफ तो क़ौम तकलीफों पर तकलीफ दिए चली जा रही है दूसरी ओर अल्लाह तआला का हुक्म यह था कि सब्र करो और दृढ़ता दिखलाओ।) फरमाते हैं कि "और बार बार आदेश होता था कि जिस तरह पहले नबियों ने धैर्य किया है तू भी सब्र कर और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पूर्ण धैर्य के साथ उनके कष्टों को सहन करते थे और तब्लीग़ में सुस्त न होते थे बल्कि कदम आगे ही पड़ता था।" फरमाया "और मूल यह है कि आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का धैर्य पहले नबियों जैसा न था क्योंकि

वह एक सीमित क़ौम के लिए भेजे गए थे इसलिए उनकी पीड़ाएं और कष्ट भी इसी सीमा तक सीमित होती थीं लेकिन इसकी तुलना में आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का धैर्य बहुत ही बड़ा था क्योंकि सबसे प्रथम तो अपनी ही क़ौम आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के विरोधी हो गई और कष्ट पहुंचाने पर तत्पर हो गई और ईसाई भी दुश्मन हो गए।"

(मल्फूज़ात भाग 7 पृष्ठ 198-199 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

अत: जब हम उस व्यक्ति की बैअत में आकर जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ग़ुलामी में इस्लाम के पुनर्जागरण के लिए आया है और सभी धर्मों पर इस्लाम की श्रेष्ठता साबित करने के लिए आया है और मुसलमानों की भी जो फिर्का बन्दिया हैं उन्हें समाप्त करके एक हाथ में जमा करके एक उम्मत बनाने के लिए आया है तो हमें भी अपनों और ग़ैरों, सब के विरोधों का सामना करना पड़ेगा। ग़ैर तो इस समय दुनिया के अधकितर देशों में इस तरह खुलकर रह विरोध नहीं करते जिस तरह इस्लाम के पहले दौर में मुसलमानों को उन विरोधों का सामना करना पड़ा, बल्कि ये लोग जो ग़ैर मुस्लिम हैं अगर वे विरोध करते हैं तो बड़े तरीके से और बड़ा सोच समझ कर इस्लाम पर हमले करने के ऐसे तरीके अपनाते हैं जो ये कह सकें कि देखो हम ने ज़ुल्म कोई नहीं किया लेकिन मुखालफ़तें बहरहाल कर रहे हैं। इन लोगों से प्रतिरक्षा भी हम ने इसी तरीके से करना है। इसलिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि जो हथियार इस्लाम के विरोधी इस्लाम को समाप्त करने के लिए प्रयोग कर रहे हैं वही हम ने करने हैं और वह साहित्य और तब्लीग़ का हथियार है।

(उद्धरित चश्मा मारफत रूहानी ख़ज़ायन भाग 23 पृष्ठ 93)

जब ग़ैर मुस्लिम दुनिया में इस्लाम फैलना शुरू होगा तो ग़ैर मुस्लिम देश भी जमाअत का विरोध करेंगे। जब वे देखेंगे कि यहां के स्थानीय लोग भी इस्लाम स्वीकार कर रहे हैं बल्कि कुछ जगह ऐसी घटनाएं हो भी जाती हैं। शुरू में कुछ चर्चों ने बड़ी हार्दिकता से हमें अपने फंगशन करने के लिए जगह दी लेकिन जब देखा कि लोगों के प्रवृत्ति बढ़ रही है तो विरोध शुरू हो गया और देने से मना कर दिया। उन्हें पता लग रहा है कि यह इस्लाम जो वास्तविक इस्लाम है,जमाअत अहमदिया जिस की तब्लीग़ करती है और फैला रही है यह एक समय में विजय प्राप्त कर लेगा और यह भाग्य में है कि वास्तविक इस्लाम जमाअत अहमदिया के माध्यम से ही फैलना है लेकिन इस समय मुल्ला जो है, मुसलमान लोग जो हैं और मुसलमानों के मुल्ला अपने मिम्बर के छिन जाने के डर से हर जगह विरोध में आगे हैं। इसी तरह अत्याचार कर रहे हैं जिस तरह पुराने ज़माने में धर्मों पर किए गए। राजनेता भी इस डर से कि मुल्ला के पीछे चलने वाला मतदाता हमारे हाथ से न जाता रहे वोट और सस्ती लोकप्रियता के लिए उनके पीछे चलते हैं वरना उन लोगों को तो धर्म का "क" "ख" भी नहीं पता। बहुमत शायद नमाज़ भी न पढ़ता हो बल्कि शायद ही कभी शुक्रवार की नमाज़ पर आते हैं और ईद की नमाज पढ़ने वाले हों लेकिन इस्लाम के सम्मान के नाम पर अहमदियों पर हमले ज़रूर करते हैं या विधान सभाओं में कानून पास कराने की कोशिश करते हैं।

पाकिस्तान में भी आजकल आज़ाद कश्मीर में विधान सभा में पाकिस्तानी मुल्ला के पदचिह्न पर वहाँ मुल्ला भी और वहाँ के राजनीतिज्ञ भी अहमदियों को ग़ैर मुस्लिम घोषित करने का कानून कश्मीर विधान सभा में पेश कर रहे हैं बल्कि पेश हुआ है। बहरहाल ये लोग जो कुछ भी करना चाहते हैं कर लें पाकिस्तान की विधान सभा ने अहमदियों को ग़ैर मुस्लिम करार देकर क्या पा लिया कौन सा जमाअत की तरक्की रुक गई। अल्लाह तआला की कृपा से जमाअत तो नई नई क्षमताओं को प्राप्त करती चली जा रही है लेकिन जमाअत के लोगों को यह याद रखना चाहिए कि धैर्य के साथ अल्लाह तआला की मदद के लिए दुआ करना और उसके आगे झुकना अपनी नमाज़ों और इबादतों की रक्षा करना हर अहमदी का कर्त्तव्य है और यही बात जो है वह अल्लाह तआला के फज़्लों का अधिक वारिस बनाएगी।

फिर अल्जीरिया में विरोध है जैसा कि पिछले ख़ुत्बा में कई बार उल्लेख कर चुका हूँ कि अहमदियत के कारण कई लोग जेल में हैं जिन्हें एक साल से तीन साल तक की सज़ा दी गई है। दर्जनों अहमदियों की सज़ा की घोषणा हो चुकी हैं अब तक जेल में तो नहीं भेजा लेकिन किसी भी समय पकड़ कर उन्हें जेल में भेजा जा सकता है। विभिन्न प्रकार का प्रतिबंध हैं सिर्फ इसलिए कि वहाँ भी मुल्ला को अहमदियत की तरक्की खटक रही है और यह उनसे बर्दाश्त नहीं हो रहा।

इसी तरह बांग्लादेश में लगातार विरोध चलता रहता है। इंडोनेशिया में चलता है अरब देशों में चलता है लेकिन पिछले दिनों बांग्लादेश में एक जगह जिस का नाम शुहागी है ज़िला मैमन सिंह का यह कस्बा है यहाँ हमारी मस्जिद पर मौलवियों ने हमला किया और हमारे मुरब्बी मुस्तफीज़ुर्रहमान साहिब को चाकू से या खंजर के साथ वार कर के गंभीर रूप से घायल कर दिया। सारा शरीर उन का ज़ख्मी कर दिया। इतने गंभीर वार चाकू के साथ या कटार के साथ किए कि पूरा शरीर उन का छलनी कर दिया। पेट में भी ऐसी जगह वार हुए कहते हैं कि उन का गुर्दा भी बाहर आ गया। गर्दन पर वार किए बस महा धमनी कटने से बच गई। देखने वाले बताते हैं कि रक्त के फव्वारे निकल रहे थे बहरहाल पुलिस अवसर पर पहुंच गई। वह आई और आक्रमण कारियों से निकाल कर उन्हें ले गई और अस्पताल पहुंचाया। जमाअत के लोग भी पहुँच गए। ख़ुद्दाम तुरंत पहुंचे जिन्होंने खून दिया। अल्लाह तआला ने फज़ल किया कि मेडिकल सहायता पहुंच गई अस्पताल पहुंच गए जहां अच्छे डॉक्टर भी थे और अच्छा इलाज भी होता रहा। कई घंटे का उनका ऑपरेशन हुआ बहरहाल कल तक की जो सूचना है उसके अनुसार stable तो हैं लेकिन अभी हालत खतरे से बाहर नहीं है। यद्यपि कि थोड़ा सा होश में भी आ गए हैं और होश में आने के बाद बोल तो नहीं सकते थे लेकिन काग़ज़ कलम लेकर उन्होंने लिखकर जो बातें हैं इसमें भी असुविधा से गुज़रने के बावजूद भी एक मोमिन की शान है कि दूसरों की चिंता है और लिखकर यही दिया कि अमुक मुरब्बी साहिब की सुरक्षा का प्रबंध करें क्योंकि उन्हें भी खतरा है या अपने माता-पिता की चिंता जताई। अल्लाह तआला उन्हें स्वास्थ्य और सुरक्षा वाला लंबा जीवन भी प्रदान करे और पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ प्रदान करे।

बहरहाल इस विरोधों के बारे में हमें हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने पहले ही बता दिया था कि अगर अहमदियत स्वीकार की है तो इन कठिनाइयों से गुज़रना पड़ेगा। अत: एक अवसर पर इस बात का वर्णन फरमाते हुए हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि

"हमारी जमाअत के लिए भी इस तरह की कठिनाइयां जैसे आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के समय मुसलमानों को पेश आई थीं। अत: नई और सब से पहली मुसीबत तो यही है कि जब कोई व्यक्ति इस जमाअत में प्रवेश करता है तो शीघ्र ही दोस्त रिश्तेदार और समुदाय अलग हो जाते हैं यहां तक कि कभी कभी माता-पिता और भाई बहन भी दुश्मन हो जाते हैं। अस्सलामो अलैकुम तक नहीं करते और नमाज़ जनाज़ा पढ़ना नहीं चाहते। इस प्रकार की कई कठिनाइयां पेश आती हैं।" फरमाया कि "मैं जानता हूं कि कुछ कमजोर तबीयत आदमी भी होते हैं और ऐसी कठिनाइयों से वे घबरा जाते हैं लेकिन याद रखें कि इस प्रकार की कठिनाइयों का आना ज़रूरी है। तुम नबियों और रसूल से अधिक नहीं हो। उन पर इस तरह की कठिनाइयां और दु:ख आए और यह इसलिए आती हैं कि ख़ुदा तआला पर ईमान मज़बूत हो और पवित्र बदलाव का मौका मिले। दुआओं में लगे रहो। अत: यह आवश्यक है कि तुम नबियों और रसूलों का पालन करो और धैर्य के मार्ग को धारण करो। तुम्हारा कुछ भी नुकसान नहीं होता। वह दोस्त जो तुम्हें सच्चाई स्वीकार करने के कारण से छोड़ता है वह सच्चा दोस्त नहीं है।"(इस के कारण से चिंता करने की ज़रूरत नहीं क्योंकि वह तुम्हारा सच्चा दोस्त नहीं है) "अन्यथा चाहिए था कि तुम्हारे साथ होता। तुम्हें चाहिए कि जो लोग केवल इसलिए तुम्हें छोड़ते और तुम से अलग होते हैं कि तुम ख़ुदा तआला के स्थापित सिलसिले में शामिल हो गए है उनसे दंगा या शरारत मत करो बल्कि उनके लिए अनुपस्थिति में दुआ करो।" (हमारा रवैया फिर भी यही हो कि दूसरे दुश्मनी कर रहे हैं हम ने उनकी अनुपस्थिति में पीछे से दुआ करनी है फरमाया यह दुआ करो) "कि अल्लाह तआला उन्हें भी वह अंतर्दृष्टि और अनुभूति प्रदान करे जो उसने अपनी कृपा से तुम्हें दी है। तुम अपने पवित्र नमूने और उत्कृष्ट चाल चलन से साबित करके दिखाओ कि तुम ने अच्छी राह धारण की है। (मल्फूज़ात भाग 7 पृष्ठ 203 प्रकाशन 203 यु.के) अहमदियत स्वीकार कर के कोई अपराध नहीं किया। कोई गुनाह नहीं किया। किसी गंद में नहीं गए बल्कि यह अच्छा रास्ता है जो तुम ने धारण किया है।

अत: यह वह प्रतिक्रिया है जो इन हमलों के बाद हम ने दिखानी है और हमें दिखानी चाहिए। बेशक कानून के तरीके से हम काम करते हैं उनके सुधार के लिए दुआ भी करते हैं लेकिन साथ ही जो दोषी हैं उनके लिए कानूनी तीरके भी करते हैं और करेंगे। यह भी अल्लाह तआला का हुक्म है लेकिन कभी धैर्य का दामन हाथ से नहीं छोड़ते और न छोड़ेंगे और न छोड़ना चाहिए और हर मुसीबत और मुश्किल में अल्लाह तआला के आगे ही हम झुकते हैं और इसी के आगे झुकेंगे। इंशा अल्लाह

लेकिन कई बार कुछ लोगों के बारे में मुझे शिकायतें मिलती हैं कि उन्हें ऐसी कठिनाइयां नहीं, यहाँ बैठे हुए हैं और यहां उन्हें तब्लीग़ के अवसर भी उपलब्ध

आते हैं। वे कई बार सीधा तब्लीग़ करते हुए कुछ लोगों को या सोशल मीडिया पर मौलवियों को प्रचार करते हुए या कई बार उनसे मुनाज़रा करते हुए ऐसी कठोर भाषा का प्रयोग करते हैं जो अहमदी के सम्मान योग्य नहीं है और कुछ लिखने वाले मुझे लिखते हैं कि अहमदियों के मुँह से ऐसी गंदी गालियां और ऐसी बात सुनकर बड़ी परेशानी होती है, जो उन लोगों के मुंह से अपने विरोधियों के लिए ग़ैर अहमदी मौलवियों के लिए या जिस से मुनाज़रा कर रहे हैं उसके लिए निकल रही होती हैं। बहरहाल ये बातें किसी भी एक अहमदी को शोभा नहीं देतीं। यह कहां तक सच है, यह अल्लाह तआला बेहतर जानता है मैंने ख़ुद तो नहीं देखा लेकिन मुझे लेखने वालों ने लिखा कि ऐसी जब बात होती है तो अहमदियों के मुकाबला में ग़ैर अहमदियों की भाषा अधिक नर्म होती है। यदि यह सच है तो फिर ऐसे अहमदियों से कहूंगा कि बेहतर है वह तब्लीग़ न किया करें। यह तब्लीग़ उन्हें अल्लाह तआला की नज़दीकी दिलाने के बजाय अल्लाह तआला की नाराज़गी का कारण बना रहा होगा। जैसा कि हदीस में वर्णित हुआ है अल्लाह तआला को तो धैर्य और क्रोध का घूंट पीने वाला पसन्द है। हम तो घोषणा ही यह करते हैं कि गुस्सा आता ही उन्हें है जिनके पास कोई दलील न हो। अत: अगर हमारे पास दलील है तो फिर ग़ुस्सा का फिर कोई औचित्य नहीं है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए। आप फरमाते हैं कि

"देखो मैं इस बात के लिए भेजा गया हूँ कि तुम्हें बार बार निर्देश करूं कि हर प्रकार के दंगे और हंगामे के स्थानों से सावधान रहो और गालियां सुनकर भी सब्र करो। बुराई का जवाब भलाई से दो और कोई शरारत करने पर तत्पर हो तो बेहतर है तुम ऐसी जगह से खिसक जाओ और नर्मी से जवाब दो। कई बार ऐसा होता है कि एक व्यक्ति बड़े उत्साह के साथ विरोध करता है और विरोध में वे तरीके अपनाता है जो फसाद वाले तरीके हों जो सुनने वालों में उत्तेजना की तहरीक करते हों लेकिन जब सामने से नरम जवाब मिलता है और गालियों का मुकाबला नहीं किया जाता तो ख़ुद उसे शर्म आ जाती है।" (अत: हमारे लिए तो यह शिक्षा है कि गालियां भी हैं तो सहजता से जवाब दो।) फरमाया कि "ख़ुद उसे शर्म आ जाती है और वह अपनी हरकत पर अफसोस और परेशान होने लगता है" (कई बार ऐसी घटनाएं हुई हैं कि जिन विरोधियों की अच्छी प्रकृति थी उन को शर्म आई फरमाया कि) "मैं तुम से सच सच कहता हूं कि धैर्य को हाथ से न दो। धैर्य का हथियार ऐसा है कि तोपों से वह काम नहीं निकलता जो धैर्य से निकलता है। धैर्य ही है जो दिलों को जीत लेता है। बेशक याद रखें कि मुझे बहुत दु:ख होता है जब मैं यह सुनता हूं कि अमुक व्यक्ति इस जमाअत का हो कर किसी से लड़ा है। इस तरीका को मैं कभी पसंद नहीं करता और ख़ुदा तआला नहीं चाहता कि वह जमाअत जो दुनिया में एक नमूना ठहरेगी वह ऐसी राह धारण करे जो तक्वा की राह नहीं है बल्कि मैं तुम्हें यह भी बता देता हूँ कि अल्लाह तआला यहाँ तक इस बात का समर्थन करता है कि अगर कोई व्यक्ति इस जमाअत में से होकर धैर्य और सहनशीलता से काम नहीं लेता तो वह याद रखे कि वह इस जमाअत में सम्मिलित नहीं है।" फरमाया कि "बहुत अधिक उत्तेजना और उत्साह का यह कारण हो सकता है बहुत अधिक अगर कोई ग़ुस्सा दिलाए और जोश पैदा हो जो या उत्तेजना पैदा हो यही हो सकता है मुझे गंदी गालियां दी जाती हैं तो इस मामले को ख़ुदा को सौंप दो। तुम इसका फैसला नहीं कर सकते। मेरा मामला ख़ुदा पर छोड़ दो। तुम इन गालियों को सुनकर भी धैर्य और सहनशीलता से काम लो। तुम्हें क्या पता है कि मैं उन लोगों से कितनी गालियां सुनता हूँ। अक्सर ऐसा होता है कि गंदी गालियों से भरे हुए पत्र आते हैं और खुले कार्ड में गालियां दी जाती हैं बे रंग पोस्ट आते हैं जिनका राजस्व भी देना पड़ता है और फिर जब पढ़ते हैं तो गालियों का ढेर होता है ऐसी अश्लील गालियां होती हैं कि मैं वास्तव में जानता हूँ कि किसी रसूल भी ऐसी गालियां नहीं दी गई हैं और मैं विश्वास नहीं करता कि अबु जहल भी ऐसी गालियों का माद्दा हो लेकिन यह सब कुछ सुनना पड़ता है। जब मैं धैर्य करता हूँ तो तुम्हारा कर्तव्य है कि तुम भी धैर्य करो। पेड़ से बढ़कर तो शाखा नहीं होती। तुम देखो कि यह कब तक गालियां देंगे। अंत में यही थक कर रह जाएंगे उनकी गालियाँ, उनकी शरारतें और परियोजनाएं मुझे कभी नहीं थका सकते। यदि मैं ख़ुदा तआला से न होता तो वास्तव में उनकी गालियों से डर जाता लेकिन मैं निश्चित जानता हूँ कि मुझे ख़ुदा ने तैनात किया है फिर ऐसी अपमानित बातों की क्या परवाह करूँ। यह कभी नहीं हो सकता। तुम विचार करो तुम ख़ुद विचार करो कि उनकी गालियों ने किसे नुकसान पहुंचाया है उन्हें या मुझे। उनकी जमाअत घटी है और मेरी बढ़ी है अगर यह गालियां कोई रोक पैदा कर सकती हैं" (जिस समय में आप ने लिखा फरमाया कि इस समय) "दो लाख से अधिक जमाअत कैसे पैदा हो गई है" (और आज उन गालियों के बावजूद अल्लाह तआला के फज़ल से दुनिया में 209 देशों में जमाअत की स्थापित है और यह फरमाया कि "यह लोग उनमें से ही आए हैं या कहीं और से?" (यह जो गालियां देने वाले थे उन्हीं लोगों में यह लोग आए हैं और जमाअत में शामिल हुए हैं।) "उन्होंने मुझ पर कुफ्र के फतवे लगाए लेकिन कुफ्र का फतवा का क्या प्रभाव हुआ जमाअत बढ़ी।" (कुफ्र के फतवों का नतीजा क्या निकला? कि जमाअत बढ़ गई) "यदि यह सिलसिला योजना से चलाया गया होता तो ज़रूर था कि इस फतवे का असर होता" (अगर इस जमाअत को बनाने का आगर मेरी कोई योजना होती तो फतवों का प्रभाव होता लेकिन कोई असर नहीं हुआ फरमाया) "और मेरे मार्ग में कुफ्र का फतवा बड़ी भारी रोक पैदा कर देता लेकिन जो बात ख़ुदा तआला से हो इंसान का समर्थ नहीं है कि उसे कुचल कर सके। जो कुछ परियोजना मेरे विरुद्ध किए जाते हैं पहचान करने वालों को हसरत ही होती है। मैं खोलकर कहता हूँ कि ये लोग जो मेरा विरोद्ध करते हैं एक भव्य नदी के सामने जो अपने पूरे ज़ोर से आ रही है अपना हाथ करते हैं और चाहते हैं कि वह इस से रुक जाए लेकिन इसका परिणाम स्पष्ट है कि वह बंद नहीं सकता। यह इन गालियों से रोकना चाहते हैं, लेकिन याद रखें कि कभी नहीं रुकेगा।" फरमाया "क्या शरीफ लोगों का काम है कि गालियां दे। मैं इन मुसलमानों पर अफसोस करता हूँ" फरमाया "मैं इन मुसलमानों पर अफसोस करता हूँ यह किस प्रकार के मुसलमान हैं जो ऐसी बेबाकी से ज़बान खोलते हैं। मैं अल्लाह तआला की क़सम खाकर कहता हूँ कि ऐसी गंदी गालियां मैंने तो कभी किसी चौड़े चमार से भी नहीं सुनी जो मुसलमान कहलाने वालों से सुनी हैं इन गालियों में ये लोग अपनी स्थिति व्यक्त करते हैं और स्वीकार करते हैं कि वह अनाचारी और दुराचारी हैं। ख़ुदा तआला उनकी आँखें खोले और उन पर रहम करे।"

(मल्फूज़ात भाग 7 पृष्ठ 203-205 संस्करण 1985 ई यू.के)

इसलिए हमें याद रखना चाहिए कि अगर यह सही है कि सोशल मीडिया पर कुछ अहमदी चिड़ कर ग़लत रंग और सख्ती से उन लोगों के जवाब देते हैं तो ग़लत है। हमें याद रखना चाहिए कि इस तरह हम न केवल यह एक गुनाह नहीं कर रहे बल्कि हम इस गुनाह को भी करने वाले हो रहे हैं कि नई नस्ल को भी अहमदियत से दूर कर रहे हैं। कुछ युवाओं में विचार उठता है कि हमारे पास तर्क नहीं था शायद इसलिए हम कठोरता से जवाब दे रहे हैं हालांकि यह ग़लत है। अत: ऐसे लोगों को तुरंत अपने व्यवहार बदलने की जरूरत है।

जैसा कि मैंने कहा था कि गालियों का जवाब गालियों से देने का मतलब ही यह है कि हमारे पास दलील नहीं है हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने बार-बार विभिन्न तरीकों से हमें समझाया कि हमें धैर्य का दामन पकड़े रहना चाहिए और इस समय भी आपके सामने एक अंश प्रस्तुत करता हूँ। मैं यह बार बार इसलिए

इस्लाम और जमाअत अहमदिय्या के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

रख रहा हूँ ताकि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की शिक्षा सब पर स्पष्ट हो। फरमाया कि

"यह मुझे गालियां देते हैं लेकिन मैं उनकी गालियों की परवाह नहीं करता और न उन पर खेद करता हूँ क्योंकि वे इस विनीत के मुकाबला से आजिज आ गए हैं और अपनी विनम्रता और विनय को सिवाय इसके नहीं छुपा सकते हैं कि गालियां दें।" (दलील उनके पास रही नहीं। आजिज़ आ चुके हैं और इसलिए दलील न होने की वजह से वह गालियां देते हैं।) फरमाया कि "कुफ्र के फतवे लागाएं झूठे मामले बनाएँ और विभिन्न प्रकार के झूठ और बदनामी लगाएँ। वह अपनी सारी शक्तियों को काम में लाकर मेरा मुकाबला कर लें और देख लें कि अंतिम निर्णय किसके पक्ष में आता है। मैं उनकी गालियों की अगर परवाह करूँ तो वह मूल काम जो ख़ुदा तआला ने मुझे सौंपा है रह जाता है इसलिए जहां उनकी गालियों की परवाह नहीं करता मैं अपनी जमाअत को समझाता हूँ कि उन्हें उचित है कि उनकी गालियां सुनकर सहन करें। और हगगिज़ गाली का जवाब गाली न दें क्योंकि इस तरह बरकत जाती रहती है वह धैर्य और सहनशीलता का नमूना प्रकट करें और अपने आचरण दिखलाएँ। बेशक याद रखें कि बुद्धि और जोश में ख़तरनाक दुश्मनी है। जब जोश और ग़ुस्सा आता है तो बुद्धि कायम नहीं रह सकती लेकिन जो धैर्य करता है और विवेक का नमूना दिखाता है उसे एक नूर दिया जाता है जो उसकी बुद्धि और चिंता की ताकतों में एक नई रोशनी पैदा हो जाती है और फिर नूर से नूर उत्पन्न होता है ग़ुस्सा और जोश की स्थिति में चूंकि दिल में अंधेरे होते हैं इसलिए फिर अंधेरे से अंधेरे पैदा होता है।"

(मल्फूज़ात भाग 3 पृष्ठ 180 संस्करण 1985 ई यू.के)

अत: अगर बुद्धि और चिंता की ताकतों में वृद्धि करनी है, दिल और दिमाग़ में नूर पैदा करना है, तो ग़ुस्सा और जोश को हमें हर समय दबाने की ज़रूरत है तभी अल्लाह तआला की कृपा और बढ़ेंगी। जमाअत अहमदिया की तरक्की किसी जोश और क्रोध दिखाने से नहीं हुई अब तक जो तरक्की हो रही है यह तो अल्लाह तआला का वादा है कि वह हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को विजय देगा। अत: जब विजय उसने देनी है और इस काम में बरकत उसने ही डालनी है जो हम तब्लीग़ का भी करते हैं और दूसरा करते हैं तो हमें अल्लाह तआला की ख़ुशी प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए।

हमें हमेशा हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की इस बात को सामने रखते हुए अपना जीवन गज़ारना चाहिए जिस में आपने फ़रमाया कि

